मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-422
01/10/2022

मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

मुख्यमंत्री के निर्देश:

- आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहे। अगर कोई गड़बड़ करने की कोशिश करता है तो पूरी सख्ती से कार्रवाई करें।
- अफवाह, द्वेष और नफरत फैलानेवाले असामाजिक तत्वों पर पूरी नजर रखें और उन पर त्वरित कार्रवाई करें।
- असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखें, सघन गश्ती और जांच अभियान चलाते रहें।
- सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणियों एवं पोस्ट से सांप्रदायिक तनाव एवं विवाद उत्पन्न करनेवालों पर पूरी नजर रखें। साइबर क्राइम सेल से सतत् निगरानी करते रहें।
- घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करें।
- सभी थानों में लैंडलाइन फोन फंक्शनल रहे, इसके लिए मुख्यालय स्तर से निरंतर अनुश्रवण करते रहें।

पटना, 01 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा श्री सुनील कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अबतक की कुछ सांप्रदायिक तनाव एवं विवाद की घटनाएं, उसके कारण तथा उस पर की गई कार्रवाई, चिन्हित संवेदनशील जिले, शांति समिति की बैठक एवं विभिन्न समुदाओं के धर्म गुरुओं के साथ समन्वय, मिश्रित आबादी एवं धार्मिक स्थलों पर निगरानी एवं प्रतिनियुक्ति, शरारती तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई, भीड़–भाड़ वाले स्थलों पर भीड़ नियंत्रण एवं नियमन हेतु उचित भीड़ प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण, सोशल मीडिया पर निगरानी, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति एवं स्वंय सेवकों की सहायता आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री एस०के०सिंघल ने मुख्यमंत्री को अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहे। अगर कोई गड़बड़ करने की कोशिश करता है तो पूरी सख्ती से कार्रवाई करे। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे। अफवाह, द्वेष और नफरत फैलानेवाले असामाजिक तत्वों पर पूरी नजर रखें और उन पर त्वरित कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखें, सघन गश्ती और जांच अभियान चलाते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणियों एवं पोस्ट से सांप्रदायिक तनाव एवं विवाद उत्पन्न करनेवालों पर पूरी नजर रखें। उनसे निपटने के लिए साइबर क्राइम सेल द्वारा सतत् निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि किसी घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करें। सभी थानों में लैंडलाइन फोन फंक्शनल रहे, इसके लिए मुख्यालय स्तर से निरंतर अनुश्रवण करते रहें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, सचिव गृह श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय श्री जे०एस० गंगवार, अपर पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा श्री सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक सी०आई०डी० श्री जितेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, विशेष सचिव गृह श्री विकास वैभव, संयुक्त सचिव गृह श्री दिनेश कुमार राय एवं पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय श्री गणेश कुमार उपस्थित थे।

******